# जमशेदपुर में 1 अक्तूबर से नहीं होगा मिक्स कचरे का उठाव

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जेएनएसी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जागरूकता अभियान

### एक अक्तूबर से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग होने पर ही होगा उठाव

**जमशेदपुर .** एक अक्तूबर से जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति एरिया में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग होने पर ही उठाव किया जायेगा. इसको लेकर सोमवार को जेएनएसी की ओर से साकची, सीतारामडेरा, सिदगोड़ा, गोलमुरी, बिरसानगर व लक्ष्मीनगर के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान लोगों से अलग-अलग कचरा देने की अपील की गयी. जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने कहा कि सूखा व गीला कचरा मिले होने से इसका निस्तारण करना असंभव हो जाता है. अगर लोग अलग-अलग रखें व गाड़ी में ही दें, तो कचरा निस्तारण का काम आसान हो जायेगा. आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर पूरे देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है. नगर निकाय में यह महोत्सव 27 सितंबर से तीन अक्तूबर तक मनाया जायेगा.




### 'कचरा अलग करो' अभियान का शुभारंभ



**जमशेदपुर.** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सोमवार को पहले दिन मानगो नगर निगम में कचरा अलग करो अभियान का शुभारंभ निगम के इओ दीपक सहाय ने किया . उन्होंने जन भागीदारी की अपील करते हुए मानगो नगर निगम के विशेष प्रयासों की चर्चा की . इओ के नेतृत्व में देव विला, डिमना रेसीडेंसी, चाणक्यपुरी ओल्ड पुरुलिया रोड, पिंकी होटल डिमना रोड एवं अन्य जगहों पर लोगों को जागरूक किया गया .

### जेएनएसी एक अक्टूबर से घरों से मिलाए हुए गीला व सूखा कचरा का नहीं करेगी उठाव, किया जागरूक




**जमशेदपुर** | जेएनएसी ने सोमवार को सफाई पर्यवेक्षक व सफाई कर्मियों ने घर-घर जाकर लोगों को कचरा उठाव व उसे अलग करने को लेकर जागरूक किया। एसओ कृष्ण कुमार ने कहा- लोग गीला व सूखा कचरा अलग नहीं करते हैं और एक साथ जमा कर कचरा वाहन के कर्मियों को देते हैं। जिसे अलग कर निष्पादन करना मुश्किल होता है। इसलिए लोगों को अलग-अलग कचरा रखने की अपील की।

### एक अक्तूबर से नहीं होगा मिक्स कचरे का उठाव

**जमशेदपुर अक्षेस**

जमशेदपुर | वरीय संवाददाता

जमशेदपुर अक्षेस की ओर से आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव 27 सितंबर से 3 अक्तूबर तक मनाया जा रहा है। वहीं, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति द्वारा एक अक्तूबर से केवल गीला एवं सूखा कचरा अलग होने पर ही कचरे का उठाव किया जाएगा। मिक्स कचरे का उठाव बंद कर दिया जाएगा।

इस महोत्सव के अंतर्गत 27 एवं 28 सितंबर को नगर निकाय द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के पर्यवेक्षक चालक एवं सफाईकर्मी घर घर जाकर लोगों को कचरा न मिलाने के लिए जागरूक कर रहे हैं। इस सिलसिले में विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि लोग गीला एवं सूखा कचरा मिला कर देते हैं, जिससे इसका निस्तारण करना असंभव हो जाता है यदि लोग अलग अलग रखें और घर घर से उठाव की गाड़ी में ही दें तो कचरा निस्तारण का काम बहुत आसान हो जाएगा। यह जागरूकता अभियान साकची, सीतारामडेरा, सिदगोड़ा, गोलमुरी बिरसानगर, लक्ष्मीनगर के तहत विभिन्न क्षेत्रों में चलाई गई। लोगों से कचरा बिना मिलाएं अलग-अलग देने की अपील की जा रही है।

#### मानगो में कचरा अलग करो अभियान का शुभारंभ

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम की ओर से सोमवार को आजादी के अमृत महोत्सव के पहले दिन कचरा अलग करो अभियान का शुभारंभ किया गया। लोगों को डस्टबिन के प्रकार एवं डस्टबिन के कलर तथा उसमें डालने वाले कचरे के बारे में बताया गया। इसके फायदे व नुकसान बताए गए।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA